अर्धवार्षिक समाचार पत्रिका

# पारस संवाद

आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन, भारत की समाचार पत्रिका

अंक-1 | वर्ष-1 | जुलाई- 2023

## निदेशक की कलम से



आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन की स्थापना का उद्देश्य मेरे सामने एकदम स्पष्ट था- समाज से जो सीखा , जो मिला , उसे समाज को सादर वापस लौटना है। जेंडर के वैश्विक विविध मुद्दों पर अहर्निश काम करते-करवाते ये समझ मज़बूत हुई कि इस विषय पर और अधिक गम्भीर प्रयासों की ज़रूरत है। कोविड-19 के कारण पूरी मानवता संकट में थी लेकिन एक वेहतर वैश्विक समझ इस दौर में ये पनपी कि वैश्विक शांति और सौहार्द के एकजुट प्रयासों से ही मानवता- प्रकृति को वचाया जा सकेगा। इसलिए जेंडर और शांति- सौहार्द के लिए कार्य करने का सोचा। इस सोच को साकार किया - मेरे वरिष्ठ मार्गदर्शकों ने और ताक़त दी साथ काम करने वालों की एकजुटता ने। शुरुआती वर्षों में आर्थिक संबल परिवार से मिल ही रहा है। शोध - प्रसार - रिसर्च जर्नल - पत्रिका सभी स्तरों पर कार्य हो रहा है। एक अच्छा पुस्तकालय आकार ले रहा है। योग प्रशिक्षण शारीरिक स्वास्थ्य के साथ आध्यात्मिक ताक़त बढ़ा रहे हैं। आप की शुभकामनाएँ और विश्वास ही हमारी पूँजी हैं , ताक़त है। हमेशा आप के सुझावों का स्वागत है।

\- प्रो. आशा शुक्ला (प्रधान संपादक )



प्रो. आशा शुक्ला महिला मुद्दों की ख्यात विशेषज्ञ हैं। कोरोना काल में उन्होंने गंभीर सामाजिक कार्य मानवता के लिए अद्भुत नेतृत्व के साथ करवाए। उनके द्वारा ऐसे ही कार्य आशा पारस फ़ाउंडेशन फ़ॉर पीस एण्ड हार्मोनी द्वारा करवाए जा रहे हैं , न्यूज़लेटर हेतु शुभकामनाएँ

\- प्रोफ़ आई एस चौहान



मुझे यह जान कर हार्दिक प्रसन्नता हो रही है कि आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन के स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर अर्ध वार्षिक संवाद पत्र का लोकार्पण हो रहा है। मेरी हार्दिक शुभकामनाएँ हमेशा है कि यह संवाद सेतु पत्र अपने उद्देश्य में सफल हो और लोगो की आकांक्षाओं पर खरा उतरे। बहुत बहुत बधाई।

\- डॉ. मार्कण्डेय राय



I extend my heartiest congratulations to the Asha Paras for peace and harmony foundation on their first foundation day the 17th July. I wish the very best to the foundation and may it achieve desired milestones set by you.

\- **Lt Gen Dushyant Singh (Retd.)**



I always welcome your such a great works, My best wishes –

\- Dr. B Sonakar Shashtri



Kindly accept my congratulations for the occasion of foundation day of the organization the objectives of peace and harmony at the family level through gender parity is absolutely essential Dissemination of knowledge on issues which disturb that harmony is a noble service to society at large May your tride increase.

\- **Prof T K V Subramanium**



प्रो. आशा शुक्ला अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जेंडर संबंधी मुद्दों और शिक्षा के विविध विषयों पर कार्य करने वाला स्थापित नाम है, उनके द्वारा स्थापित संस्था- आशा पारस फ़ाउंडेशन निश्चित ही गम्भीर कार्य कर रही है। न्यूज़लेटर से समस्त जानकारियां समाज को मिलेंगी , मेरी शुभकामनाएँ-

- प्रो. जी एस पाराशर



एक वर्ष के अति सीमित कार्यकाल में आशा पारस फ़ाउंडेशन फॉर पीस एंड हार्मोनी की संस्थागत स्थापना के साथ जिस गंभीरता के साथ अकादमिक, शोध, प्रशिक्षण और प्रसार गतिविधियाँ पूर्ण हुई , वो संस्था के वृहद् दृष्टिकोण के साथ सामाजिक प्रतिबद्धता को प्रतिबिंबित करता है। संवाद सेतु न्यूज़ लेटर सामाजिक संवाद का सेतु बनेगा , मेरी शुभकामनाएँ

- प्रो. आर के शुक्ला- निदेशक



यह जानकर अत्यधिक प्रसन्नता का अनुभव हो रहा है कि आपके नेतृत्व में 'आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन' के प्रथम स्थापना दिवस के शुभ अवसर पर संस्था द्वारा एक न्यूज़ लेटर 'पारस संवाद' का प्रकाशन किया जा रहा है। यह सेतु पत्र संस्था के कार्यों के प्रसारण हेतु एक महत्वपूर्ण आधार का कार्य करेगा। संस्था अपने लक्षित उद्देश्यों को आग्रह के साथ प्राप्त करने के सार्थक प्रयास आपके संरक्षण में निरंतर करेगी जिसका प्रतिबिम्बन अनवरत सेतु पत्र के माध्यम से होता रहेगा, इन्ही अप्रतिम शुभकामनाओं के साथ हार्दिक बधाई।

- प्रो. यतीन्द्रसिंह सिसोदिया



My heartfelt congratulations and best wishes on the launch of your new News letter .This is an exciting endeavor that has the potential to make a significant impact in your field. May your news letter be a platform for the exchange of innovative ideas, cutting-edge research, and insightful perspectives. I hope it becomes a valuable resource for scholars, researchers, and practitioners, fostering collaboration and advancement in the respective field.

- Prof. K Manimekalai



आपको आशा पारस फ़ाउंडेशन फॉर पीस एंड हार्मनी के प्रथम स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं। यह दिन एक अद्वितीय यात्रा की शुरुआत को चिह्नित करता है, जो सद्भाव और समानता के प्रतीक है, और हम आपकी सफलता की गहराई से शुभकामनाएं भेजते हैं। आपकी समर्पण और प्रतिबद्धता प्रेरणादायी हैं। हम विश्वास करते हैं कि आपके प्रयास समाज पर गहरा प्रभाव डालेंगे और एक समझदार और सहानुभूति से भरी दुनिया को बनाने में मदद करेंगे।

- प्रो. जितेंद्र कुमार पांडे



आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन के प्रथम स्थापना दिवस पर,मेरी हार्दिक शुभकामनाएं एवम् बधाई। निश्चित रूप से संस्था अपनी व्यापक सोच व दृष्टि के साथ लक्ष्यों को प्राप्त कर समाज हित में शांति व सद्भाव का प्रतिनिधित्व कर मील का पत्थर साबित होगी। 'पारस संवाद ' सतत जारी रहे ... सार्थक संकल्पित प्रयासों की सफलता हेतु हमारी अशेष शुभकामनाएं

- सुनीता आदित्य



आशा पारस फॉर पीस एंड हारमनी फाउंडेशन के 1 वर्ष पूर्ण होने पर अत्यंत प्रसन्नता है। समाज में ऐसे ही छोटे बड़े प्रयासों से धाराएं परिवर्तित होती है। और मानव जाति समाधान की ओर गति करती है। मानव जाति के शुभाकांक्षा के मार्ग पर आशा पारस फाउंडेशन ने जो भी अमूल्य कार्य किया है उन सभी कार्यों के प्रति, कृतज्ञता व्यक्त करते हुए मेरी शुभेक्षायें आशा फाउंडेशन को संप्रेषित हो।

- सुनीता पाठक

## संस्था कार्यालय का शुभारम्भ




आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन कम्पनी अधिनियम 2013 के अंतर्गत धारा 8 में पंजीकृत गैर शासकीय राष्ट्रीय संस्था है जिसका पंजीकृत कार्यालय भोपाल, म.प्र. में स्थित है अतः अप्रैल 2022 में संस्थागत कार्यालय का प्रारम्भ कर इसके पंजीयन की कार्यवाही को प्रारम्भ किया गया।

दिनांक 17 जुलाई 2023 को संस्था आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन के नाम से पंजीकृत की गई। संस्था का पंजीयन क्रमांक U85300MP2022NPL061830 है, संस्था को आयकर विभाग के अंतर्गत 12A एवं 80G पंजीयन प्रदान किये किये गये है।

## नौ दिवसीय शास्त्रीय प्राणायाम एवं ध्यान प्रशिक्षण







दिनांक 26.09.2022 से 04.10.2022 तक आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन, वेद फाउण्डेशन एवं हिमालयन योग ट्रस्ट के संयुक्त तत्वावधान में ऑनलाईन माध्यम से **9 दिवसीय शास्त्रीय प्राणायाम एवं ध्यान प्रशिक्षण** का कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम डॉ. मारकण्डेय राय, अध्यक्ष वेद फाउण्डेशन एवं प्रो. आशा शुक्ला, पूर्व कुलपति, ब्राउस, सदस्य, राष्ट्रीय अनुसंधान टोली, भारतीय शिक्षण मण्डल की उपस्थिति में कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ। कार्यक्रम का संचालन लव चावड़ीकर, प्रबंधक आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन द्वारा किया गया। प्रशिक्षण योगाचार्य डॉ. अजय दुबे, द्वारा प्रदान किया गया।

## राष्ट्रीय वेबिनार : बसुधैब कुटुम्बकम

दिनांक 14.10.2022 को आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन, ग्लोबल पीस फाउण्डेशन और एल जे यूनिवर्सिटी के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र में वक्ता के रूप में डॉ. मारकण्डेय राय, सीनियर एडवाईजर यूएन हेविटेट, प्रो. आशा शुक्ला, पूर्व कुलपति, ब्राउस एवं डॉ. सुरेन्द्र पाठक, जीपीएफ, भारत उपस्थित थे। उद्घाटन वक्तव्य डॉ. मनीष शाह, कुलपति एलजे यूनिवर्सिटी द्वारा प्रदान किया गया। कार्यक्रम का समन्वयन डॉ. सुनील, एलजे यूनिवर्सिटी द्वारा किया गया।



## राष्ट्रीय बेबीनार : हमारा मध्य प्रदेश

म.प्र. राज्य के स्थापना दिवस के उपलक्ष्य पर दिनांक 1 नबम्बर 2022 को आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन एवं वेद फाउण्डेशन द्वारा राष्ट्रीय वेबिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डॉ. सुरेन्द्र शुक्ला उपनिदेशक, नेहरू युवा केन्द्र संगठन, युवा एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार, भोपाल, मध्य प्रदेश की गरिमामय उपस्थित रही। वेबिनार में वक्ता के रूप में प्रो. आर. के. शुक्ला पूर्व विभागाध्यक्ष, पंडित सुन्दरलाल शर्मा केन्द्रीय व्यवसायिक शिक्षा संस्थान, भोपाल, प्रो. विनीता भटनागर प्रोफेसर, यूआईटी, आर.जी.पी.वी. भोपाल, मध्य प्रदेश, प्रो. सुरेन्द्र पाठक एमेरिटस प्रोफेसर, गुजरात विद्यापीठ, अहमदावाद, प्रो. किशोर जॉन निदेशक, भोज मुक्त विश्वविद्यालय, भोपाल, प्रो. अजय दुबे विभागाध्यक्ष, योग विभाग, सेम ग्लोबल विश्वविद्यालय, भोपाल, डॉ. मनोज गुप्ता शोध अधिकारी, डॉ. अम्बेडकर पीठ, ब्राउस, डॉ. रामशंकर शोध अधिकारी, बाबू जगजीवनराम पीठ, ब्राउस उपस्थित रहे। अध्यक्षता डॉ. मारकण्डेय राय, द्वारा की गई एवं प्रस्तावना वक्तव्य प्रो. आशा शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया।










## दो दिवसीय विशेष व्याख्यान : भगिनी निवेदिता का राष्ट्रहित अवदान







दिनांक 11 और 12 नवम्बर 2022 को आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन, भारतीय शिक्षण मण्डल एवं वेद फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय विशेष व्याख्यान **भगिनी निवेदिता का राष्ट्रहित अवदान** विषय पर भगिनी निवेदिता की जन्मजयंती के उपलक्ष्य में आयोजन किया गया। कार्यक्रम के प्रथम दिवस मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अखिलेश द्विवेदी, विभागाध्यक्ष न्याय एवं दर्शन, आधुनिक विभाग, महिर्षि पाणिनी संस्कृत एवं वैदिक विश्वविद्यालय, उज्जैन एवं दूसरे दिन मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. निलिम्प त्रिपाठी, प्रोफेसर, वेद विभाग, वेद विज्ञान संकाय, महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय, भोपाल उपस्थित रहे, विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉ. प्रेरणा मनाना प्रांत प्रमुख, महिला प्रकल्प (मालवा प्रांत) भारतीय शिक्षण मण्डल उज्जैन उपस्थित रहीं।। स्वागत वक्तव्य एवं विषय प्रवर्तन डॉ. अजय दुवे द्वारा किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. आशा शुक्ला़ द्वारा की गई।

संगठन गीत और ध्येय श्लोक श्रीमति माधुरी सोलंकी सक्रिय कार्यकर्ता, महिला प्रकल्प, भारतीय शिक्षण मण्डल उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किया। ध्येय वाक्य श्रीमति ज्योति दीक्षित सक्रिय कार्यकर्ता, महिला प्रकल्प, भारतीय शिक्षण मण्डल उज्जैन द्वारा प्रस्तुत किया। कल्याण मंत्र श्रीमति रेखा भार्गव सक्रिय कार्यकर्ता, महिला प्रकल्प, भारतीय शिक्षण मण्डल उज्जैन द्वारा बाचन किया गया। कार्यक्रम का संयोजन एवं आभार लव चावड़ीकर प्रबंधक, आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन द्वारा किया गया।

## राष्ट्रीय वेबिनार : जनजातीय गौरव दिवस




दिनांक 15.11.2022 को आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन एवं वेद फाउण्डेशन द्वारा विरसा मुण्डा की जन्मजयंती "जनजातीय गौरवदिवस" के रूप में मनाते हुये राष्ट्रीय वेबीनार का आयोजन किया गया।

मुख्य अतिथि प्रो. रमेश मकवाना, सरदार पटेल विश्वविद्यालय, वल्लभ विद्या नगर, गुजरात एवं मुख्य वक्ता डॉ. लक्ष्मीनारायण पयोधि साहित्यकार और जनजातीय संस्कृति के अध्येता, भोपाल, मध्यप्रदेश उपस्थित रहे। अध्यक्षता प्रो. आशा शुक्ला, द्वारा की गई।

समन्वयन डॉ. सुरेन्द्र तिवारी प्राचार्य, गुलाब बाई स्मृति शिक्षा महाविद्यालय, बोरवन, म.प्र. द्वारा एवं संयोजन लव चावड़ीकर ने किया। कार्यक्रम में देश के विभिन्न प्रदेशों म.प्र. सहित महाराष्ट्र, राजस्थान, उड़ीसा, हरियाणा, झारखण्ड, त्रिपुरा, बिहार, उत्तराखण्ड, तेलंगाना, नई दिल्ली, पश्चिम बंगाल एवं गुजरात से सैकड़ों प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की।

## संस्थागत अनुबंध (मेमोरेण्डम ऑफ अन्डरस्टेन्डिंग)

**संस्थागत अनुबंध** : आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन संस्था के समान उद्धेश्यों को देखते हुये विस्तार की दृष्टि से निम्न संस्थागत अनुबंध किये गये–



- VED Foundation, Madhya Pradesh.
- Star Health and Allied Insurance Company, India
- The Global Open University, Nagaland
- Gulab Bai Yadav Smriti Shiksha Mahavidyalaya, Madhya Pradesh
- Indian Institute of Ecology and Environment, New Delhi
- Indira Gandhi Technological and Medical Science University, Arunachal Pradesh

संस्थागत अनुबंध करते हुये प्रो. आर के शुक्ला, डॉ. प्रियरंजन त्रिवेदी एवं प्रो. आशा शुक्ला

## पुस्तकालय की स्थापना

संस्था कार्यालय भोपाल में पुस्तकालय का निर्माण किया गया है जिसमें जेण्डर, स्वास्थ्य, पर्यावरण एवं समाज विज्ञान विषयों की पुस्तकों को रखा गया है। लायब्रेरी में शोध, प्रबंधन, जेण्डर, स्वास्थ्य, पर्यावरण, इकोलॉजी, महिला अध्ययन, इनसाईक्लोपिडिया आदि सम्बन्धित पुस्तकें एवं शोध पेपर बड़ी संख्या में उपलब्ध हैं।



## शास्त्रीय प्राणायाम एवं ध्यान प्रशिक्षण




आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन तथा वेद फाउण्डेशन द्वारा दिनांक सोमवार 21.11.2022 को शास्त्रीय प्राणाययाम एवं ध्यान प्रशिक्षण कार्यक्रम का शभारम्भ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। शुभारम्भ प्रो. पी. एन. मिश्रा पूर्व विभागाध्यक्ष, देवी अहिल्या विश्वविद्यालय, इन्दौर के मुख्य आतिथ्य में हुआ। अध्यक्षता डॉ. मारकण्डेय राय द्वारा की गई एवं विषय प्रवर्तन प्रो. आशा शुक्ला द्वारा किया गया। प्रशिक्षण आचार्य डॉ. अजय दुबे द्वारा प्रदान किया गया। देश अलग अलग प्रदेशों से प्रतिभागियों ने प्रतिभागिता की गई। संचालन लव चावड़ीकर द्वारा किया गया।

## श्रीमद् भगवद गीता प्रशिक्षण

दिनांक 21.11.2022 से श्रीमद भगवद गीता प्रशिक्षण का शुभारम्भ डॉ. प्रिरंजन त्रिवेदी संस्थापक कुलाधिपति, ग्लोबल ओपन यूनिवर्सिटी, नागालेण्ड के मुख्य आतिथ्य में हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. मारकण्डेय राय द्वारा की गई एवं विषय प्रवर्तन तथा स्वागत वक्तव्य प्रो. आशा शक्ला द्वारा प्रदान किया गया। प्रशिक्षण आचार्य डॉ. अजय दुबे द्वारा प्रदान किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन लव चावड़ीकर द्वारा किया गया।




## स्वरोजगार कौशल विकास प्रशिक्षण

12.02.2023 से स्टार हेल्थ एवं आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन के संयुक्त तत्वावधान में कौशल विकास प्रशिक्षण का शुभारम्भ हुआ। या प्रशिक्षण दोनो संस्थाओं के बीच हुये एमओयू अंतर्गत





प्रारम्भ हुआ है। यह कार्यक्रम निरन्र चलने की प्रकिया है। विषय विशेषज्ञ श्री बरनाड गोम्स, सीनियर मैनेजर स्टार हेल्थ एलाइड इंश्योरेंस (म. प्र.), श्री विनय जैन नेशनल प्रोजेक्ट हैड, स्टार हेल्थ एलाइड इंश्योरेंस द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को प्रशिक्षण प्रदान किया। डॉ. मारकण्डेय राय की अध्यक्षता में प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ। विषय प्रवर्तन प्रो. आशा शुक्ला एवं स्वागत वक्तव्य प्रो. आरके शुक्ला द्वारा प्रदान किया गया। संचालन लव चावड़ीकर द्वारा किया गया।


# अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दो राष्ट्रीय वेबिनार


## भारतीय समाज और महिला सशक्तिकरण

दिनांक 9 एवं 10 मार्च 2023 को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य पर दो दिवसीय राष्ट्रीय वेबिनार का शुभारम्भ भारतीय समाज और महिला सशक्तिकरण विषय पर हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. कुसुम कुमारी उप कुलपति, मुंगेर विश्वविद्यालय, बिहार उपस्थित रहीं। अतिथि वक्ता के रूप में डॉ. सुप्रिया पाठक स्त्री अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिन्दी विश्वविद्यालय, क्षेत्रीय केन्द्र, प्रयागराज, श्रीमती सुनीता पाठक प्रबोधक जीवन विद्या, सागर, डॉ. जया फूकन महिला अध्ययन विभाग, बरकतउल्ला विश्वविद्यालय, भोपाल, आईपीएस किरनलता केरकेट्टा पुलिस अधीक्षक, भोपाल देहात, श्रीमती सीमा अलावा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक, खण्डवा, डॉ. रत्ना मुले महिला उद्यमी एवं मोटिवेशनल स्पीकर, भोपाल चिकित्सक, भोपाल उपस्थित रहे। कार्यक्रम की प्रस्तावना प्रो. आशा शुक्ला पूर्व कुलपति, ब्राउस एवं सदस्य सदस्य, राष्ट्रीय अनुसंधान, टोली, भारतीय शिक्षण मण्डल द्वारा प्रस्तुत की गई। कार्यक्रम का संयोजन लव चावड़ीकर द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में आभार डॉ. सुरेन्द्र तिवारी द्वारा प्रदत्त किया गया। कार्यक्रम डॉ. मारकण्डेय राय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।









## वीमेन्स स्टडीज : न्यू रोल विथ न्यू चैलेन्ज

दिनांक 10 मार्च 2023 को संस्था द्वारा राष्ट्रीय वेबिनार **वीमेन्स स्टडीज : न्यू रोल विथ न्यू चैलेन्ज** विषय पर आयोजित किया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में प्रो. शोभा शिन्दे, पूर्व प्राध्यापक एवं विभागाध्यक्ष महिला अध्ययन केन्द्र, नॉर्थ महाराष्ट्रा यूनिवर्सिटी, जलगांव उपस्थित रहीं। मुख्य वक्ता प्रो. एन. मनीमेखलाई फाउण्डर डायरेक्टर एवं विभागाध्यक्ष महिला अध्ययन विभाग, भारतीदसन विश्वविद्यालय, तमिलनाडू उपस्थित रहे। विषय विशेषज्ञ के रूप में प्रो. सबीहा हुसैन सरोजनी नायडू महिला अध्ययन केन्द्र, जामिया मीलिया इस्लामिया, नई दिल्ली, प्रो. शाहिदा मुर्तज़ा प्रोफेसर एण्ड डायरेक्टर महिला अध्ययन केन्द्र, मौलाना आज़ाद नेशनल उर्दू युनिवर्सिटी, हैदरावाद, डॉ. सुदेशना मुखर्जी एसोसिएट प्रोफेसर, महिला अध्ययन केन्द्र बैंगलोर विश्वविद्यालय द्वारा जानकारी प्रदान की। कार्यक्रम का संचालन डॉ. कमलावेनी, असिस्टेन्ट प्रोफेसर, महिला अध्ययन सेन्टर, भरतीहार विश्वविद्यालय, तमिलनाडू द्वारा किया गया एवं संयोजन लव चावड़ीकर, द्वारा किया गया। कार्यक्रम प्रो. आशा शुक्ला की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ।

## आंगनवाड़ी केन्द्रों पर गतिविधियां

फाउण्डेशन के माध्यम से भोपाल की इन्दिरा नगर, मीरा नगर एवं पीसी नगर की आंगनबाडी केन्द्रों पर सामाजिक जुड़ाव हेतु कार्यक्रम एवं सहभागिता हेतु कार्य किये गये जिनमें आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं के साथ पोषण एवं स्वास्थ्य जागरूकता अधारित बैठकें की गईं।

केन्द्रों पर संचालित टीकाकरण में संस्थागत सहयोग प्रदान करते हुये सहभागिता की और टीकाकरण हेतु आने बाली माताओं और परिजनों को माता तथा शिशु के टीकाकरण हेतु प्रेरित करने का कार्य किया गया। केन्द्रों पर संस्था द्वारा किशोरी बालिकाओं को रंगोली तथा चित्रकला के प्रशिक्षण प्रदान किये गये। साथ ही उनको नियमित रूप से आंगनवाड़ी केन्द्रों पर आने के लिये प्रेरित किया गया।





**संस्था की बार्षिक बैठक :–** दिनांक 23 मार्च 2023 को संस्था की बार्षिक बैठक का आयोजन किया गया बैठक में सभी सदस्यों द्वारा संस्था के पिछले सत्र 2022–23 के कार्यों की भूरी भूरी प्रशंसा की गई और सत्र 2023–24 हेतु बजट एवं प्रस्तावित कार्ययोजना को सर्वसहमति से अनुमोदित किया गया। बैठक में संस्था द्वारा प्रकाशित किये जा रहे दो अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल तथा उनकी बेबसाईट एवं संस्था की बेबसाईट का लोकार्पण किया गया।

## शोध सर्वेक्षण :

**म.प्र. के हस्तशिल्प महिला कारीगरों का सर्वेक्षण अध्ययन (आधारताल जबलपुर जिले के विशेष संदर्भ में) :–**
यह शोध सर्वेक्षण निम्न उद्देश्यों को ध्यान में रखकर पूर्ण किया गया जिसमें 500 महिला हस्तशिल्प कारीगरों को शामिल किया गया–

**उद्देश्य :–**

- जरी जरदोजी की प्रक्रिया को विस्तार से जानना।
- महिला कारीगरों की सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक स्थिति का आंकलन करना।
- महिला कारीगरों की शिल्प से सम्बंधित समस्याओं और चुनौतियों को जानना।
- महिला कारीगरों की शिल्प से जुड़ी व्यापारिक जागरूकता को जानना।

## रिसर्च जर्नल

**आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन द्वारा दो अंतरराष्ट्रीय रिसर्च जर्नल का प्रकाशन किया जा रहा है जिसके 1–1 अंक प्रकाशित हो चुके हैं।**

Asha Paras International Journal of Gender Studies (APIJGS) ISSN No. 2385-8687
Asha Paras International Multidisciplinary Research Journal (APIMRJ)


**संरक्षक** : डॉ. मारकण्डेय राय
**प्रधान सम्पादक** : प्रो. आशा शुक्ला
**सम्पादक मण्डल** : प्रो. आर.के. शुक्ला, प्रो. किशोर जॉन, प्रो. सुरेन्द्र पाठक, डॉ. अमरजीत सिंह परिहार
**सहयोग** : लव चावड़ीकर, प्रबंधक, आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन, भारत
**मुद्रक** : नवसाक्षर प्रिन्टर्स, जोन 1, एम.पी. नगर, भोपाल

**प्रकाशक**
**आशा पारस फॉर पीस एण्ड हारमनी फाउण्डेशन**
ए–93, एमराल्ड पार्क सिटी, एम्स हास्पिटल के पास, बागसेबनियां, भोपाल, मध्य प्रदेश – 462026
सम्पर्क – 9926310987, 9977466514 9893950833
ईमेल – officeparasfoundation@gmail.com
बेवसाईट – www.ashaparasfoundation.org